प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

29 जुलाई 2024

वर्ष 2023-24 के लिए मुद्रा और वित्त संबंधी रिपोर्ट (आरसीएफ)

भारतीय रिज़र्व बैंक ने आज वर्ष 2023-24 के लिए मुद्रा और वित्त संबंधी रिपोर्ट (आरसीएफ़) जारी की। रिपोर्ट का विषय "भारत की डिजिटल क्रांति" है। रिपोर्ट योगदानकर्ताओं के विचारों को परिलक्षित करती है न कि भारतीय रिज़र्व बैंक के विचारों को।

मुख्य बातें

- भारत डिजिटल क्रांति में अग्रिम स्थान है, जो अपने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, स्पंदित वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) पारिस्थितिकी तंत्र और अनुकूल नीतिगत वातावरण का लाभ उठाकर विश्व में सबसे तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है।

- डिजिटल प्रौद्योगिकियां वित्तीय समावेशन, राजकोषीय अंतरण और सीमापारीय व्यापार और धन विप्रेषण में अवसर उत्पन्न कर रही हैं।

- भारत की अब तक की डिजिटल यात्रा का जायजा लेते हुए, यह रिपोर्ट प्रमुख हितधारकों के सर्वेक्षणों और डेटा विश्लेषण द्वारा समर्थित उभरते अवसरों और चुनौतियों का पता लगाती है।

- रिपोर्ट में डिजिटल वित्तीय उत्पादों में उपभोक्ताओं का विश्वास बढ़ाने, वित्तीय संस्थाओं की परिचालन और तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देने तथा अधिक चल और एकीकृत वित्तीय बाज़ारों को बनाने में विनियामक ढांचे की सकारात्मक भूमिका के लिए अनुभवजन्य समर्थन पाया गया है।

- डिजिटल प्रौद्योगिकियां साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, वेंडर और तीसरे पक्ष के जोखिम, उपभोक्ता संरक्षण, मानव संसाधनों के कौशल में वृद्धि और पुनर्कौशल, जटिल वित्तीय उत्पादों और कारोबार मॉडल से संबंधित चुनौतियाँ भी प्रस्तुत करती हैं। नवाचारों के लिए अनुकूल वातावरण का समर्थन करते हुए वित्तीय स्थिरता, उपभोक्ता संरक्षण और प्रतिस्पर्धा को संतुलित करना प्रमुख नीतिगत चुनौती है।

(पुनीत पंचोली)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/790